तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार, 29 सितंबर 2024



14 पीजी कॉलेज में खादी और ग्रामोद्योग से रूबरू…





14 साल्हे रामधुनी प्रतियोगिता में 12 मंडलियों में लजिया ने …






## खबर संक्षेप



### दो दिवसीय रामधुनी स्पर्धा का शुभारंभ

**चारामा।** विकासखण्ड चारामा के ग्राम किलेपार में दो दिवसीय भव्य संगीतमय रामधुनी प्रतियोगिता का शुभारंभ भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी के मुख्य आतिथ्य और किलेपार सरपंच दुष्यन्त मंडावी की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक ने रामधुनी प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रमों की महत्वता पर जोर दिया और कहा कि ऐसे आयोजन से समाज में संस्कार और संस्कृति की भावना को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम में गौ सेवा आयोग के पूर्व सदस्य नरेंद्र यादव, जिला पंचायत सदस्य मिथलेश शोरी, जनपद सदस्य सुरुची चित्रकान्त सिन्हा, लखनपुरी सरपंच चंपा वट्टी, विधायक प्रतिनिधि हिरवेन्द साहू, महेंद्र नायक, ग्राम पटेल नरेंद्र ध्रुव, किरण ध्रुव एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### ग्रामीण की करंट लगने से हुई मौत

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत सिविल अस्पताल में बड़गांव निवासी सनीराम गावड़े का 27 सितंबर को करेंट लगने से मौत हो गई। अस्पताल द्वारा अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक की मौत बिजली करंट से हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवचेना में लिया है। पुलिस करेंट कैसे लगा, कारण को पता लगाने में जुटी हुई है। समाचार लिखे जाने तक सही स्थिति की जानकारी स्पष्ट नहीं है।

### गाँधी जयंती पर कबड्डी और वालीबाल स्पर्धा

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के अंतर्गत ग्राम पंचायत तरहुल आश्रित ग्राम सलिहापारा तरहुल में आदर्श नवयुवक समिति के तत्वाधान में 1 से 2 अक्टूबर को दो दिवसीय राज्यस्तरीय कबड्डी एवं बॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग प्रथम पुरुस्कार 10001 रूपए, द्वितीय 7001 रूपए, तृतीय 3001 रूपए एवं बॉलीबाल प्रथम पुरुस्कार 5001 रूपए, द्वितीय 3001 रूपए। बालिका वर्ग में प्रथम 4001 रूपए, द्वितीय 2001 रूपए रूपएं रखा गया है।

### निको कंपनी ने चलाया स्वच्छता अभियान

**कांकेर।** जायसवाल निको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, मेटाबोदेली चारगांव खदान द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता के तहत स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। खदान व चारगांव के आसपास के विद्यालयों व बाजार प्रांगण की साफ-सफाई और एकल उपयोग प्लास्टिक को एकत्र कर निस्तारण किया गया। इस अभियान में सभी के साथ स्वच्छता ही सेवा का शपथ लिया गया। कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियो व महिलाओं के सहभागिता से पोस्टर, पेंटिंग प्रतियोगिता व निबंध प्रतियोगिता के साथ-साथ स्वच्छता रैली, गीत व भाषण के माध्मय से ग्रामीणो को स्वच्छता का संदेश देकर जागरूक किया गया। इस अवसर पर खदान प्रबंधक कृष्णकांत मिश्रा, अश्विनी शुक्ला और टीम के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### राज्य स्तरीय डांस स्पर्धा 12 को रात 8 बजे से

**भानुप्रतापपुर।** राज्य स्तरीय डांस प्रतियोगिता कार्यक्रम ग्राम भोड़िया बाजार में 12 अक्टूबर की रात 8 बजे से आयोजित की गई है। दशहरा महापर्व के शुभ अवसर पर आयोजित स्पर्धा के लिए आकर्षक पुरस्कारों की घोषणा की गई है।

## चैंबर चुनाव : आपत्तियाँ सही पाए जाने के बाद गहराया विवाद

# कांचेका के दोनों चुनाव अधिकारियों ने दिया इस्तीफा और अंततः चुनाव टला


हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

- चुनाव अधिकारी की गलती सही पाएं जाने के बाद आपत्ति लगाने वाले गुट ने
- चुनाव नहीं लड़ने का किया ऐलान
- आपत्ति लगाने वाले गुट ने ही रात को भाई भतीजावाद का आरोप लगाकर की थी नारेबाजी

कांचेका यानी कांकेर चैंबर ऑफ कॉमर्स का चुनाव करवाने के लिए शहर के दो व्यापारियों को चुनाव अधिकारी बनाया गया था, परंतु बीती रात को एक पैनल ने दोनो चुनाव अधिकारियों पर भाई भतीजावाद का आरोप लगाकर चुनाव का बहिष्कार करते हुए चुनाव नहीं लड़ने का फरमान लिखित में जारी कर दिया और चुनाव कार्यालय के सामने जमकर नारेबाजी किया। चुनाव अधिकारी इस्तीफा दो, इस्तीफा दो, नहीं चलेगा भाई भतीजावाद। अंततः दोनो चुनाव अधिकारियों ने गरमाते माहौल को देखकर 28 सितंबर को चैंबर के अध्यक्ष दिलीप खटवानी को चुनाव अधिकारी पद से इस्तीफा दे दिया।

जानकारी के अनुसार कांकेर चैंबर्स ऑफ कॉमर्स का चुनाव विगत 6 साल से नहीं हुआ और 6 साल से वहीं टीम काम कर रही है। विगत दिनों कांकेर चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के चुनाव के लिए बैठक हुई, जिसमें बहुत ही कम लगभग 20 से 25 व्यापारी एकत्र हुई और यहीं पर चुनाव अधिकारी तय कर दिए गए। चुनाव अधिकारियों ने सह चुनाव अधिकारी भी नियुक्त कर दिया। सह चुनाव अधिकारियों में एक अधिकारी से हरिभूमि ने जानना चाहा था कि आप सह चुनाव अधिकारी बनाए गए है, इस पर उनका कहना था कि मुझे कुछ भी नहीं पता है। विरोध करने वाले गुट का कहना था कि चुनाव अधिकारियों ने नियमावली जो बनाई थी, उसके अनुसार चुनाव न करवाकर अपने निर्णयों को थोप रहे थे। चुनाव अधिकारियों ने प्रेस विज्ञप्ति में ▸▸| शेष पेज 12 पर





### भतीजों के गलत नामांकन को सही ठहराया

विरोध करने वाले पैनल का कहना था कि स्कूटनी के दौरान नामांकन दाखिल करने वालों को बुलाया नहीं गया और बंद कमरे में चार लोगों ने मिलकर नामांकन पत्र की स्कूटनी कर दिया। विरोध करने वालों का कहना था कि जो नियमावली बनाई गई है, उसका पालन नहीं किया गया और चुनाव करने वाले अधिकारियों ने अपने भतीजे के गलत नामांकन फार्म को सही ठहरा दिया। इस पर आपत्ति लगाने के लिए विरोधी गुट आया और चुनाव अधिकारियों से गरमा गरमी हो गई। अंत में विरोधी गुट ने बीती रात को चुनाव नहीं लड़ने का लिखित में आवेदन दे दिया और उसमें लिखा कि किन कारणों से चुनाव नहीं लड़ रहे है। इसके बाद विरोध गुट बीती रात को चुनाव कार्यालय के बाहर नारेबाजी करने लगा, जिससे माहौल रात 9 बजे तक गरमाया रहा।

### आपत्तियाँ सही पाए जाने पर गहराया विवाद

कांकेर चैंबर्स ऑफ कॉमर्स दिलीप खटवानी से इस विषय पर जानना चाहा तो उनका कहना था कि 27 सितंबर को एक गुट के द्वारा नामांकन को लेकर आपत्तियाँ दर्ज कराई गई थी, चुनाव अधिकारियों के द्वारा दस्तावेज दिखाने पर आपत्तियां सहीं पाई गई, यहीं से विवाद की स्थिति निर्मित हुई। अंततः रात को ही विवाद के बाद इस्तीफा दिया गया, परंतु रात और 28 सितंबर को दोपहर तक गोपनीय रखा गया। इस्तीफा का खुलासा 28 सितंबर को दोपहर को किया गया।

### क्रियाकलाप से पहुँची ठेस, इसलिए दिया इस्तीफा

चुनाव को लेकर कांचेका की बैठक रखी गई। बैठक में उपस्थित कांचेका के वरिष्ठ पदाधिकारियों को चुनाव अधिकारी का दायित्व संभालने कहा गया, लेकिन कोई भी इस जिम्मेदारी को लेने सामने नहीं आया। कांचेका पदाधिकारियों के आग्रह पर हम दोनों राजा देवनानी और बलराम आहूजा को चुनाव अधिकारी बनाया गया। हमारे ऊपर अनर्गल तथा झूठे आरोप लगाते हमारे खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी गई। उनके इस क्रियाकलाप से हमें बहुत ठेस पहुंची है, इसलिए हम लोगों ने चुनाव अधिकारी पद से इस्तीफा दे दिया।

## पति-पत्नी एवं बच्ची सड़क हादसे में घायल, बाइक चालक पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

भानुप्रतापपुर थानांतर्गत खण्डी नदी पुल के पास मोटर सायकल में सवार पति-पत्नी व उनके तीन साल की बच्ची को पीछे से आ रही अन्य मोटर सायकल के चालक ने अपनी वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। थाना में शिकायत करने पहुंचे आवासपारा बांसला निवासी 40 वर्षीय जनक देहारी पिता जयलू राम देहारी ने पुलिस को बताया कि 27 सितंबर को निजी काम से अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएफ 7595 में सवार होकर पत्नी छमेश्वरी देहारी एवं 3 माह की पुत्री प्रिंसी देहारी के साथ भानुप्रतापपुर आया था। भानुप्रतापपुर से काम खत्म कर अपने घर बांसला जा रहा था। मोटर सायकल में मेरे पीछे मेरी पत्नी तीन माह के बेटी को लेकर बैठी थी। नारायणपुर पुलिया खण्डी नदी के पास दोपहर बादल लगभग सायं 4 बजे पंहुचे थे, उसी समय पीछे से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीसी 9654 के चालक के द्वारा अपनी मोटर सायकल को तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट करने से मैं और मेरी पत्नी, बच्चे सहित मोटर सायकल से जमीन पर गिए गए, जिससे हम लोगो को चोट आई है। राहगीरों की मदद से ईलाज के लिए भानुप्रतापपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।



शिकायत पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## केवीएस राष्ट्रीय खेलकूद में केंद्रीय विद्यालय के छात्रों ने बाजी मारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय कांकेर में अध्ययनरत 4 छात्रों ने 53 वीं केवीएस राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता 2024 में भाग लिया और बेहतर प्रदर्शन करते हुए कांकेर का नाम रोशन किया।

केवीएस 53 वीं राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 02 झांसी कैंट उत्तर प्रदेश में हुआ, जिसमें कांकेर पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में अध्ययनरत 12 वीं छात्रा समृद्धि जायसवाल ने बाक्सिंग अंडर 19 बालिका वर्ग में 69 से 74 किलोग्राम वर्ग में देशभर से प्रतियोगिता में शामिल हुए केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों के बीच प्रतिस्पर्धा करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त करने में सफलता अर्जित किया। इसी प्रकार से 12 वीं में अध्ययनरत अयान खान, मेहुल जेठवा और वासु रजक ने भी बाक्सिंग में क्षेत्रीय स्तर पर स्थान प्राप्त कर लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाड़ा, पंजाब में आयोजित 53 वीं राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लिया और विद्यालय को गौरवान्वित किए l इस अवसर पर पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय कांकेर के प्राचार्य राजू गोस्वामी ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ और बधाई देते हुए कहा कि यह विद्यालय को गौरवान्वित करने वाला पल है l खेलकूद हमारी दिनचर्या और पठन -पाठन का एक अभिन्न हिस्सा है, क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का विकास होता है l प्राचार्य ने यह बताते हुए हर्ष व्यक्त किया कि केंद्रीय विद्यालय संगठन की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर बॉक्सिंग में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा समृद्वि जायसवाल को प्रमाण पत्र, सिल्वर मेडल और 8000 रूपएं नगद राशि प्रदान की गई है, जबकि अन्य विद्यार्थियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए हैं l खेल शिक्षक नुमेश कुमार ने भी हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी सफल विद्यार्थियों व उनके अभिभावको को बधाई दी l उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष केंद्रीय विद्यालय कांकेर के विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिनिधित्व करते आ रहे हैं और भविष्य में भी और बेहतर प्रदर्शन करेंगे ।



## कंपनी के खिलाफ नारेबाजी की व कंपनी के स्टाल में भोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

- सोशल मीडिया में वीडियो हुआ वायरल जिसकी दिनभर चर्चा रही

जनसुनवाई के दौरान पुष्प स्टील माईंस के द्वारा तहसील परिसर में भोजन की व्यवस्था किया था और कंपनी ने बकायदा बैनर भी लगाया था। जनसुनवाई के दौरान कंपनी के खिलाफ नारेबाजी करने वाले जनसुनवाई स्थगित होने के बाद कंपनी के द्वारा किए गए भोजन व्यवस्था स्थल पर भोजन करते हुए नजर आएं, जिसकी चर्चा दिनभर दुर्गुकोंदल क्षेत्र में रही।

जानकारी के अनुसार पुष्प स्टील माईंस की कार्यशैली को लेकर प्रारंभ से प्रश्न उठते रहे है और कई प्रकार के विवाद भी सामने आएं है। कई गाँव के लोग लगातार इस बात को लेकर विवाद किया कि प्रत्येक गाँव से जितने मजदूर लगना चाहिए, उतने मजदूर नहीं लगाए। बाहर से मजदूर लगाकर काम करवाते रहे, जिसके चलते स्थानीय ग्रामीणों ने कई बार विरोध किया, यहाँ तक लौह अयस्क का परिवहन करने वाले मार्ग पर ग्रामीणों ने गड्ढा खोद दिया था।

कंपनी की जनसुनवाई 26 सितंबर को थी और बवाल होना तय था, उसका सबसे बड़ा कारण यह था कि कई लोगों का भुगतान किसी न किसी रूप से रूका हुआ था। भुगतान जिनका रूका था, वे लगातार विरोध कर रहे थे, साथ ही वे मजदूर विरोध कर रहे थे, जिनको काम पर नहीं रखा गया था। जनसुनवाई के दौरान शिव सेना, कांग्रेस और अन्य कई जनप्रतिनिधि व गांव के लोग लगातार कंपनी के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। कंपनी के खिलाफ नारेबाजी करने के उपरांत जनसुनवाई स्थगित हो गई, वहीं विरोध करने वालों की जीत भी ▸▸| शेष पेज 12 पर





### कंपनी की व्यवस्था है, इसकी जानकारी नहीं थी

शिव सेना के प्रदेश महासचिव चंद्रमौली मिश्रा का कहना है कि तहसील परिसर में भोजन की व्यवस्था की गई थी और प्रशासन ने भोजन के लिए आमंत्रित किया था, इसीलिए मैने भोजन किया, मुझे नहीं पता था कि कंपनी के द्वारा सरकारी भवन में भोजन की व्यवस्था की गई थी। विरोध करने वाले अधिकतम लोगों ने भोजन किया है।

## बालिका बरामद, दुष्कर्म का आरोपी मप्र से गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**कांकेर।** कोरर थाना में नाबलिक बालिका के गायब होने की जानकारी मिलने पर पुलिस ने बालिका की पतासाजी किया। कोरर पुलिस ने आरोपी एवं गायब हुई बालिका को मध्य प्रदेश से कोरर लाएं। बालिका को परिजनों को सौंपा गया और बालिका के द्वारा दी गई जानकारी पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर जेल की सलाखों में भेजा गया। कांकेर जाने के लिए निकली नाबालिक बालिका घर वापिस नही लौटी, तब उनके परिजन परेशान हो गए और अपने आसपास के लोगो और रिश्तेदारो के यहां पता तालाश किया। बालिका का कही पता नही चलने पर नाबालिक लड़की के भाई ने 8 अप्रैल को कोरर थाना में शिकायत दर्ज कराया और उसी के तहत गुमशुदगी का मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोरर थाना प्रभारी जितेंद्र गुप्ता नेवरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया जिस पर नाबालिक बालिका संबंधी अपराध घटित होने से मामले की संवेदनशीलता को ध्यान में रखकर एसपी इंदिरा कल्याण एलिसेला के द्वारा तत्परता पूर्वक एवं तत्काल कार्यवाही करने निर्देश प्राप्त होने पर एएसपी मनीषा ठाकुर रावटे एवं एसडीओपी मोहसिन खान के मार्गदर्शन में थाना कोरर पुलिस की टीम गुमशुदा के बारे में पता साजी करने में जुट गई। संदेही के मोबाईल नंबर का लोकेशन सायबर सेल कांकेर से प्राप्त कर मध्यप्रदेश के छतरपुर होना पता चलने पर थाना प्रभारी कोरर निरीक्षक जितेन्द्र गुप्ता के नेतृत्व में टीम बनाकर सउनि उमेश वर्मा, भागवत ठाकुर, महिला आरक्षक बिसन्तीन हिचामी को रवाना किया गया। मोबाईल लोकेशन के आधार पर छतरपुर जिला के ग्राम पिपराहीझोर से अपहृता एवं आरोपी के बारे में पूछताछ किया जो घर में रहना पता चलने पर घेराबंदी कर दबिश दिया और अपहृता एवं आरोपी के मिलने ▸▸| शेष पेज 12 पर

### जहर खाने से महिला की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** दुर्गुकोंदल थानांतर्गत वाटिनटोला निवासी दिनारो बाई ने कीटनाकश दवाई खा लिया। जहर पूरे शरीर में फैल जाने के कारण 27 सितंबर को उसकी मौत हो गई। दुर्गुकोंदल निवासी सूरज दुग्गा ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने अज्ञात कारणो के चलते कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## तालाब में डूबने से बच्चे की हुई मौत

**कांकेर।** दुधावा चौकी अंतर्गत बांगाबारी निवासी जिवांशु नेताम का तालाब में डूबने से मौत हो गया। बांगाबारी निवासी रमेश नेताम ने पुलिस को बताया कि मृतक 27 सितंबर को घर के बाहर खेल रहा था। मृतक कुछ देर तक दिखई नही दिया तो घर वालो ने खोजबीन किया। खोजबीन के दौरान मृतक का शव तालाब किराने मृत अवस्था में पड़ा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि बालक खेलते खेलते कैसे पहुँच गया।

## स्वच्छता रैली निकाली और दिया जागरूक का संदेश




**सरोना।** शासकीय महाविद्यालय सरोना द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक और प्राचार्य के मार्गदर्शन में प्रभावशाली स्वच्छता रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य सरोना के साप्ताहिक बाजार में लोगों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डीएल पटेल और प्राचार्य राधिक ध्रुव के मार्गदर्शन में हुआ। आयोजित रैली के दौरान स्वयं सेवकों ने स्वच्छता का संदेश फैलाया और स्थानीय नागरिकों को साफ सफाई के लिए प्रेरित किया। सरोना की महिलाओं और सीनियर स्वयं सेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह आयोजन न केवल स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक प्रयास था, बल्कि सामुदायिक सहयोग और सहभागिता का एक उत्कृष्ट उदाहरण भी प्रस्तुत करता है। इस रैली ने सरोना के लोगों को स्वच्छता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से संजय नेताम, मनीष साहू, सीतांशु बघेल, मुस्कान नाग, उत्तर नेताम, शीतल नेताम, वेदराज कुबेर, जितेंद्र, माधुरी बघेल व वर्षा जैन उपस्थित रहें।

## एडीजीपी प्रदीप गुप्ता ने वचुअर्ल बैठक में अफसरों को दिया था निर्देश

# अफसरों ने किया राष्ट्रीय राजमार्ग के ब्लैक व ग्रे स्पाटों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

- गत वर्ष की तुलना में लगभग 5 .10 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई

राष्ट्रीय राजमार्ग में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए दुर्घटना होने वाले स्थानों एवं ब्लेक स्पॉट व ग्रे स्पॉट जोन का निरीक्षण और चिन्हांकन पुलिस के आला अफसरों ने किया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग में जिन स्थानों पर अधिकतर दुर्घटाएं होती है, ऐसे जगहो पर स्थित दुकानदारो व अन्य लोगो से दुर्घटना का कारण जानकर उनके समाधान के लिए पहल किया गया। एडीजीपी प्रदीप गुप्ता ने वचुअर्ल बैठक लेकर जिले के आला अफसरों को सड़क दुघर्टना में कमी लाने के लिए निर्देशित किया था, उसी के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला के मार्गदर्शन में जिले के आला अफसर राष्ट्रीय राजमार्ग 30 का निरीक्षण किया और ऐसे स्थलों का चिन्हांकन किया, जहाँ पर ब्लेक स्पॉट व ग्रे स्पॉट के रूप में जाने जाते है। एएसपी मनीषा रावटे, एसडीओपी मोहसिन खान, यातायात प्रभारी दीपक सॉव, चारामा थाना प्रभारी दिलेश्वर चंद्रवंशी, एसडीओ नेशनल हाईवे राकेश नेताम, डीआरएम लोकेश्वर एवं स्टॉफ के द्वारा वर्ष 2024 मे हुए गंभीर सड़क दुर्घटनाओं वाले स्थानों एवं ब्लेक स्पॉट व ग्रे स्पॉट जोन का 28 सितंबर को निरीक्षण किया गया। उक्त स्थानों पर आसपास के दुकानदारों से समन्वय बनाकर दुर्घटना होने का कारणों को जानने का प्रयास किया गया। स्थानीय स्तर पर लोगो से दुर्घटना के कारणों की जानकारी मिलने के उपरांत राष्ट्रीय राजमार्ग में साइन बोर्ड, ब्लिंकर लाईट, रम्बल स्ट्रीट एवं सड़क किनारे लगे पेड़ पौधो की छटाई करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग को निर्देशित किया गया, जिससे आने वाले समय में सड़क दुर्घटनाओं मे कमी हो सके।

यातायात प्रभारी दीपक साव ने बताया कि यातायात पुलिस कांकेर द्वारा सड़क दुर्घटनाओं मे कमी लाने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है और प्रयासों के चलते गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष लगभग 5.10 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई है। इसी कमी के प्रतिशत को और भी कम करने के लिए यातायात की टीम डटी हुई है।




## पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप



### स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का दिया

**कांकेर।** स्वच्छता ही सेवा है महा अभियान के अंतर्गत पैराडाइज हायर सेकेंडरी स्कूल में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रम किया जाना है, जिसके तहत कांकेर के विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। छात्र -छात्राओं द्वारा शहरवासियों को साफ सफाई और सामाजिक चेतना के लिए जागृत किया जा रहा हैं। पैराडाइज हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा 28 सितंबर को भण्डारीपारा एवं हाउसिंग बोर्ड के आसपास कुड़े कचरे की साफ-सफाई की गई। छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता के नैतिक दायित्वो को निभाते हुए उत्साह पूर्वक साफ-सफाई में भाग लेकर आसपास के लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूता किया।

### माटवाड़ा लाल में आज से 24 घंटे की रामधुनी

**कांकेर।** जिले में स्थित ग्राम माटवाड़ा लाल में ग्रामीणों द्वारा लगातार 24 घंटे चलने वाले रामधुनी झांकी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आज 29 सितंबर रविवार को रामधुनी कार्यक्रम शाम 6 बजे से प्रारंभ होगा जो कि 30 सितंबर को सुबह 6 बजे तक चलेगा एवं बिना रुके लगातार 30 सितंबर को ही सुबह 6 बजे से प्रारंभ होकर रात 7 बजे समापन होगा। कार्यक्रम में सम्मिलित हो के प्रभु के कथा-भजन और झांकी का आनंद लेने के लिए ग्रामीणों ने समस्त जिले के लोगो से आग्रह किया है।

### निर्माणधीन भवन में युवक ने फांसी लगाकी खुदकुशी

**भानुप्रतापपुर।** ग्राम संबलपुर स्थित निर्माणधीन साहू भवन में पास के ही रहने वाले युवक टिकेश (भुरू) ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस ने सूचना पर शव को उतारकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौप दिया है। बताया जा रहा है मृतक युवक पहले भी आत्म हत्या करने की कोशिश कर चुका था। वह टॉवर में चढ़कर ड्रामा किया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

### तहसील में गोयल ग्रुप ने चलाया स्वच्छता अभियान



**दुर्गुकोंदल।** गोयल ग्रुप के माइंस प्रबंधन द्वारा लगातार चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान का कारवां खदान क्षेत्र के आसपास के ग्रामों के साथ दुर्गुकोंदल कस्बे में पहुचा। खदान के कामगरों द्वारा खदान से लगे हुए ग्राम चाहचाड़ और हाहालद्दी में गली कूंचों की सफाई की गई। इसके बाद सफाई दल दुर्गुकोंदल कस्बे में पहुचा, जहाँ पर इनके द्वारा बाजार पारा, रंगमंच स्थल, अटल चौक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद, जनपद कार्यालय और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर झाड़ू लगाकर सफाई अभियान चलाया। सफाई दल की अगुवाई कर रहे गोयल ग्रुप के सुपरवाइजर अरविंद राय ने बताया कि आगामी 2 अक्टूबर तक उनके संस्थान द्वारा यह सफाई अभियान अनवरत चलाया जाएगा। इस स्वच्छता अभियान का उद्देश्य आम जनमानस के मन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करना है।

# रासेयो स्वयं सेवकों ने रैली निकाली, कचरे को किया इकट्ठा व स्वच्छता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव




भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रलय राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राज्य रासेयो अधिकारी के आदेशानुसार तथा शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर कार्यक्रम समन्वयक डॉ.डी.एल.पटेल एवं जिला संगठक जिला कोण्डागाँव के शशिभूषण कन्नौजे के मार्गदर्शन मेंद्यभारत वर्ष में शुरूवात हुए स्वच्छ भारत अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले राष्ट्रव्यापी स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत 28 सितंबर को उच्चतर बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोण्डागाँव के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों एवं एथनिक के कर्मचारियों ने राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान में अपनी भागीदारी निभाते हुए धनकुल एथनिक रिसोर्ट कोण्डागाँव के आस–पास में स्वच्छता ही सेवा रैली निकालकर साथ ही यत्र तत्र पडे. प्लास्टिक की थैली, अपशिष्ट कचरा को एकत्रि तकर नगरपालिका के वाहन में डालकर कर स्वच्छ भारत का संदेश दिया। अपनी व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ–साथ अपने घर से शुरू करने स्वच्छता को अपने संस्कारों में करे शामिल – प्राचार्य एन.के.नायक, राजेश पाण्डेय, तथा आर.एस.दुबे, कार्यक्रम अधिकारी हरिशंकर नेताम, एन.सी.सी. अधिकारी अभिलाष निषाद के दिशानिर्देश में स्वयंसेवकों को स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने स्वच्छता की शुरुआत अपनी व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ–साथ अपने घर से शुरू करने स्वच्छता को अपने संस्कारों में शामिल करने एवं स्वभाव में शामिल करने व अपने विद्यालय के साथ–साथ घर गांव मोहल्ले में भी स्वच्छता अभियान चलाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर इनका योगदान महत्वपूर्ण रहा जिसमे मनीष वट्टी, लोकेश देवांगन, दिनेश, संतोष नेताम, सूरज पोयाम ,सोनु सोरी, बैजन सोरी, शैलेश, रोशन नाग, कामेश्वर, मानव देवांगन, यश देवॉगन आदि

### कच्चे मकान में दो बेटों के साथ रहना था कष्टप्रद

# पीएम आवास से पूरन दास की जिंदगी में नए प्रभात ली अंगड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



जिले के ग्राम दहीकोंगा के रहने वाले पूरन दास मानिकपुरी का जीवन गरीबी के संघर्ष से शुरू हुआ है, लेकिन आज सरकार की जनकल्याणकारी योजना से उनकी स्थिति में सुधार आया है। कच्चे मकान में अपने दो बेटों के साथ रहने वाले पूरन दास के लिए जगह की कमी के कारण जीवनयापन में संघर्ष करना पड़ रहा था, लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जब से उनके परिवार को पक्का मकान मिला है तबसे जीवनयापन आसान हुई है।

जीविकोपार्जन के लिए मजदूरी ही सहारा एकमात्र – पूरन दास के पास ज़मीन के नाम पर सिर्फ 5 डिसमिल का छोटा सा टुकड़ा है, जिसके एक तरफ आवास योजना के तहत बना पक्का घर है और खाली जगह को बाड़ी के लिए इस्तेमाल करते हैं, जहां बरसात में दलहनी फसल लेते हैं। पूरन दास के दो बेटे हैं। बड़ा बेटा अपनी दादी पतीबाई और अपनी पत्नी एक बेटे के साथ रहता है, जबकि छोटा बेटा अपनी पत्नी और पूरन दास और माँ के साथ रहता है। इन दोनों परिवारों की आर्थिक स्थिति हमेशा तंग रही है क्योंकि खेती के लिए उनके पास ज़मीन नहीं है। ऐसे में जीविकोपार्जन के लिए मजदूरी ही एकमात्र सहारा है। दो परिवारों को पक्का मकान मिला – पूरन दास के बेटों के शादी से पहले यह परिवार एक साथ एक कच्चे और छोटे से घर में रहते थे पर जब दोनों बेटों की शादी हो गई तो उन्हें अलग होना पड़ा क्योंकि रहने के लिए पर्याप्त जगह नहीं था। अब इस परिवार को एक नया संघर्ष से जूझना पड़ा वह था एक घर। ऐसे परिस्थिति में एक दिन उनके लिए राहत की किरण तब आई जब पूरन दास और उनकी माता पतीबाई का नाम प्रधानमंत्री आवास योजना में शामिल हुआ। यह खबर उनके लिए मानो धूप में छांव मिलने जैसा था। दोनों परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान मिला और उनके जीवन में एक नया अध्याय शुरू हुआ। पूरन दास और उनका परिवार अब एक पक्के घर में रहते हैं। पूरन दास की माता पतीबाई, जो अपने बड़े नाती के साथ रहती हैं, उन्हें भी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है। अब उनका नाती अपने घर को चलाने के लिए नए उत्साह के साथ मेहनत करते वह आसपास के बाजारों से वनोपज, धान आदि की खरीदारी करते हैं और इसी से उनका घर चलता है। लाखों गरीब परिवारों की कहानी है, जिन्हें आवास योजना के माध्यम से एक नई जिंदगी मिली है – प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिले घर ने न सिर्फ उन्हें एक सुरक्षित एवं स्थायी स्थान दिया, बल्कि आत्मसम्मान की भावना भी लौटाई है। स्वयं का एक पक्के घर का होना उनके लिए किसी सपने के सच होने जैसा था। यह घर उनके संघर्षों का अंत नहीं, बल्कि नई आशाओं का आरंभ है। पूरन दास की कहानी सिर्फ एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि उन लाखों गरीब परिवारों की कहानी है, जिन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से एक नई जिंदगी मिली है। यह योजना उनके लिए सिर्फ एक घर नहीं बल्कि जीवन की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने का साधन बनी है।




# दीवार लेखन कर रोसेयो ने दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

भारत सरकार खेल व युवा कल्याण मन्त्रलय द्वारा स्वछता अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने पर स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम समन्वयक शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय जगदलपुर, डॉ डी एल पटेल जिला संगठक शशि भूषण कन्नौजे के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई जैतपुरी द्वारा गोद ग्राम की दीवार में स्वच्छता स्लोगन नारा लिखकर ग्रामवासियों में जागरूकता लाने का लगातार प्रयास कर रहे है।

कार्यक्रम अधिकारी ब्रजेश तिवारी ने बताया की जैतपुरी एन एस एस इकाई दिनांक 17 सितम्बर से लगातार प्लास्टिक उन्मूलन रैली स्वच्छता अभियान चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता दीवार लेखन कर स्वच्छता ही सेवा अभियान में भागीदारी निभाई जा रही है।

## एक ही रात 10 दुकानों के ताले टूटे चार दुकानों से नकद और सामान पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

अज्ञात चोरों ने 27 सितंबर की अलसुबह 3 से 5 बजे के बीच लगभग 10 दुकानों के शटर को तोड़ा। चार दुकानों के अंदर घुसकर गल्ले में रखे पैसों और सामान की चोरी की है। जनपद सदस्य जागेंद्र साहू की चित्रा फोटो एवं स्टेशनरी मार्ट में दुकान के बाहर और अंदर लगे सीसी टीवी कैमरे को क्षतिग्रस्त कर चोरी की है। श्याम होटल रुद्री में शटर तोड़कर गल्ले में रखे 3 हजार रुपए के चिल्हर, नरेंद्र आटो सेंटर से लगभग 12 हजार रुपए नकद, नित्या फोटोकॉपी जनरल स्टोर्स से 5 हजार रुपए के सिगरेट, गुटखा की चोरी की गई है। चोरों की इस करतूत से रुद्री चौकवासियों में भारी रोष है। बताया जाता है कि रुद्री चौक में पूर्व में भी कई बार चोरी हो चुकी है जिसकी शिकायत रुद्री चौक के व्यापारियों द्वारा की गई है लेकिन अज्ञात चोर नहीं पकड़े जाते हैं।

# गांधी मैदान में अधिकारी कर्मचारियों ने भरी हुंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी




चार सूत्रीय लंबित मांग के क्रमबद्ध आंदोलन में शुक्रवार को छत्तीसगढ़ अधिकारी, कर्मचारी फेडरेशन ने गांधी मैदान में आवाज बुलंद की है। फेडरेशन के नेताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर हल्ला बोला। धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारियों ने एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि उनकी लंबित मांगें पूर्ण नहीं हुईं तो फेडरेशन अनिश्चितकालीन आंदोलन करेगा।

छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी के बैनरतले एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। फेडरेशन के नेताओं ने गांधी मैदान में अपनी आवाज बुलंद करते हुए कहा कि फेडरेशन चरणबद्ध आंदोलन कर रहा है। प्रथम चरण के आंदोलन में 6 अगस्त को मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। 30 अगस्त को दूसरे चरण में सांसद, विधायकों को ज्ञापन सौंपा गया। तीसरे चरण में शुक्रवार को अवकाश लेकर अधिकारी, कर्मचारी धरना-प्रदर्शन पर बैठे हैं। अगर उनकी मांगें पूरी नहीं हुई तो चौथे चरण में अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी।

फेडरेशन की मांग है कि भाजपा के घोषणा पत्र के अनुसार प्रदेश के कर्मचारियों को केन्द्र के समान 1 जनवरी 2024 से 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाए। जुलाई 2024 से देय तिथि पर महंगाई भत्तों की एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में किया जाए। प्रदेश के शासकीय सेवकों को 4 स्तरीय समयमान वेतनमान दिया जाए। केन्द्र सरकार के समान गृह भाड़ा भत्ता प्रदान किया जाना चाहिए। मध्यप्रदेश सरकार की तरह शासकीय कर्मचारी, अधिकारी को अर्जित अवकाश नगदीकरण, 240 दिवस के स्थान पर 300 दिवस किया जाए। धरना -प्रदर्शन में वक्ताओं ने कहा कि फेडरेशन में 112 मान्यता एवं गैर मान्यता प्राप्त संगठनों का प्रतिनिधि संगठन है। बावजूद उनकी मांगें पूर्ण नहीं की जाती तो फेडरेशन अनिश्चितकालीन आंदोलन करेगा। धरना प्रदर्शन में फेडरेशन के जिला संयोजक चंदूलाल चंद्राकर, जिला महासचिव लक्ष्मण राव मगर, संरक्षक मुकेश पांडे, पुरूषोत्तम निषाद, डोमार ध्रुव, दीपचंद भारती, हुमन लाल चंद्राकर, पीआर नागवंशी, योगेन्द्र सिन्हा, खुमान सिंह ठाकुर, महेन्द्र साहू ने सरकार के रवैये पर नाराजगी जाहिर की और मांगों को शीघ्र पूर्ण करने की आवाज उठाई।

### नवागांव में रेत माफिया का आतंक प्रशासन की आंखों के सामने चोरी

**चारामा।** विकासखंड चारामा के ग्राम नवागांव में एक बार फिर रेत माफियाओं का आतंक देखने को मिल रहा है। रेत डंपिंग की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। खासकर रात के अंधेरे में रेत से भरी गाड़ियों की आवाजाही खुलेआम देखी जा सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रेत माफिया प्रशासन की नाक के नीचे से चोरी कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।



ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार रात के समय बड़े-बड़े ट्रकों में रेत लादी जाती है और ऊंची कीमतों पर अवैध तरीके से बेची जाती है। इस पूरे अवैध कारोबार में कई लोगों की मिलीभगत की भी आशंका जताई जा रही है। प्रशासन और पुलिस की निष्क्रियता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। इतना ही नहीं इलाके के नाकों पर भी रेत से भरी गाड़ियों को ऊंचे दाम लेकर पास करवाया जा रहा है। लोगों का आरोप है कि बिना किसी डर के रेत माफिया अपना कारोबार चला रहे हैं। इस अवैध व्यापार से न सिर्फ प्राकृतिक संसाधनों का नुकसान हो रहा है बल्कि यह शासन-प्रशासन की साख पर भी सवाल खड़े कर रहा है।

# पदोन्नति सूची जारी नहीं होने पर घेराव करने की दी चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶|दसपुर/कांकेर

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला कांकेर द्वारा सहायक संचालक को जिला अध्यक्ष द्वारा जानकारी के साथ अवगत कराते हुए प्रमुखता के साथ एक सप्ताह के भीतर पदोन्नति सूची जारी नहीं किए जाने पर 4 अक्टूबर को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय कांकेर का घेराव करने की चेतावनी दी गई है। उक्त विषय को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को बार-बार अवगत व निवेदन किया गया, जिसके बाद भी आज पर्यंत तक सूचि जारी नही करना समझ से परे है। जिला स्तर पर पदोन्नति के लिए विधायक अंतागढ़ विक्रम उसेंडी को भी जानकारी दिया गया और उनके समुख 4 अगस्त तक जारी हो जाएगा बोले थे, किन्तु सहायक शिक्षक संवर्ग का पदोन्नति के लिए डीईओ के निष्क्रियता के कारण आज तक नही हो पाया है। छानबीन समिति के सदस्य भी जांच करने में उपस्थिति नहीं दे पा रहे हैं। जिला मीडिया प्रभारी ने बताया कि कांकेर जिला में प्रधानपाठक पद पर पदोन्नति में लेट लतीफी होने से पात्र सहायक शिक्षको में भारी आक्रोश है। संगठन के माध्यम से कई बार ज्ञापन भी सौंपा जा चुका है, लेकिन आश्वासन के सिवाय अब तक कोई परिणाम नहीं आया है। पदोन्नति की धीमी प्रक्रिया को देखते हुए सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन कांकेर के जिला अध्यक्ष उत्तम सिन्हा के नेतृत्व में कांकेर कलेक्टर के नाम संचालक प्रकाश सेन को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया गया है। संघ के जिला अध्यक्ष द्वारा कहा गया कि एक सप्ताह के भीतर पदोन्नति सूची जारी नहीं किए जाने पर 4 अक्टूबर को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव किया जाऐगा।

# रासेयो स्वयंसेवक का जारी है लगातार स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव






राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय माकड़ी के स्वयंसेवकों द्वारा जिला संगठक शशिभूषण कन्नौजे एवम् कार्यक्रम अधिकारी चंद्रकांत जैन के मार्गदर्शन में 17 सितंबर 2024 से लगातार स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, जो की 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत निरंतर जारी रहेगा।

सरकार द्वारा प्रदत्त स्वच्छता किट किया गया वितरण – 28 सितम्बर को स्वयंसेवकों के द्वारा माकड़ी के बस स्टैंड, स्कूल, ग्राम पंचायत, गली मोहल्ले, क्रीड़ा मैदान, स्वास्थ्य केंद्र जैसे विभिन्न जगहों पर स्वच्छता अभियान चलाकर आसपास की साफ सफाई किया गया और साथ ही साथ भारत सरकार द्वारा प्रदत्त स्वच्छता किट जैसे माय भारत टोपी, पेन, दस्ताना एवं डायरी आदि का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम अधिकारी चंद्रकांत जैन ने बताया कि यह भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवम् खेल मंत्रलय तथा उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा चलाया जाने वाला बहुत ही अच्छा पहल है, जिसमे प्रदेश के प्रत्येक स्वयंसेवक भाग लेकर स्वच्छता अभियान में अपना अहम भूमिका निभा रहे हैं।

ये रहे उपस्थित – इस अवसर पर स्वयंसेवक महादल नायक, कु रोहिणी नाग बलिराम ज्ञानदीप दीपेंद्र टोमेश पुष्कर सिंह सुकरी नीलम त्रिलोचन उर्मिला टिकेश्वर एवं बड़ी संख्या में साथी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# 3275 हितग्राहियों के खाते में पीएम आवास की राशि पहुंची



**दुर्गुकोंदल।** जिला कलेक्टर कांकेर जिला पंचायत कांकेर के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के सुरेंद्र बंजारे के मार्गदर्शन में विकासखंड दुर्गुकोदल अंतर्गत 44 ग्राम पंचायत के तहत कुल 3275 प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति की राशि हितग्राहियों के खाते में जमा हो चुकी है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कार्यशाला ग्राम पंचायत साधुमिचगांव में आयोजित कर आसपास के ग्राम पंचायत गुदुम, सुरुगदोह, कोड़ेकुर्सी के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक व हितग्राहीयो का कार्यशाला आयोजित कर लेआउट, भूमि पूजन किया गया। अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी रामधन ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2024-25 के अंतर्गत ग्रामीणों को शासन के द्वारा प्राप्त आवास स्वीकृत जिसमें विकासखंड में कुल 3275 हितग्राहियों के खाते में राशि पहुंच चुकी है, जिसको जल्दी से जल्दी लेआउट देकर काम शुरू करे, काम में विलम्ब न करें। साथ ही गुणवत्ता पर भी ध्यान देने की बात कही। कार्यशाला के दौरान सहायक विकास विस्तार अधिकारी जितेंद्र साहू, तकनीकी सहायक संजय रावटे, रामकुमार रावटे, ग्रामीण व हितग्राही उपस्थित रहें।

## पेज 11 के शेष...

### कांचेका के दोनों...

कहा कि जिम्मेदार चुनाव अधिकारी इसलिए नहीं बनना चाहते कि कांकेर चैंबर्स ऑफ कॉमर्स की नियमावाली नहीं दी जाती। चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के चुनाव के लिए चुनाव अधिकारी बनाए जाने के पहले दिन से ही कई प्रकार के विवादों की चर्चा सोशल मीडिया में छाएं रहती थी। प्रारंभ से ही लगने लगा था कि कांकेर चैंबर्स ऑफ कॉमर्स का चुनाव विवादों में गहराएगा।

### बालिका बरामद...

पर अभिरक्षा में लेकर थाना लाया गया। बालिका ने पूछताछ के दौरान बताया कि आरोपी नंदकिशोर ने मुझे नाबालिक जानते हुए शादी का प्रलोभन देकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया है। आरोपी से पूछताछ करने से अपराध करना कबूल करने पर आरोपी पिपराहीझोर निवासी 32 वर्षीय नंदकिशोर अहिरवार पिता कल्लू राम को 27 सितंबर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। आरोपी के खिलाफ धारा 363, 366, 376 (2) भादवि 4, 6 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

### कंपनी के खिलाफ...

हो गई। जनसुनवाई के दौरान विरोध करने वाले बाद में कंपनी के द्वारा किए गए भोजन की व्यवस्था स्थल पर पहुँचकर भोजन करने का वीडियो 28 सितंबर को सुबह से वायरल हुआ। इसमें हकीकत को जानने का हरिभूमि ने प्रयास भी किया, यहीं बात सामने आई कि पुष्प स्टील कंपनी ने अपने मजदूरों के लिए भोजन की व्यवस्था किया था, प्रशासन के द्वारा कोई व्यवस्था नहीं किया गया था।

खबर संक्षेप

## जल जीवन मिशन पहुंचा नदी पार के गांव



**दंतेवाड़ा।** जिला दंतेवाड़ा के जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल स्वच्छता समिति मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जिला जल स्वच्छता समिति के सचिव निखिल कंवर के मार्गदर्शन में गीदम विकासखण्ड के ग्राम पंचायत पहुरनार के आश्रित ग्राम बड़ेकरका को उपसरपंच मनार नेताम द्वारा शत-प्रतिशत हर घर जल प्रमाणीकरण घोषित करते हुए सरपंच बुकड़ी अलाम, सचिव भुवनेश्वर, उपसरपंच को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर आयोजित जल सभा कार्यक्रम में जिला परियोजना समन्वयक आईएसए शिल्पी शुक्ला द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल हर घर जल के संचालन, संधारण, प्रबंधन एवं सतत क्रियाशील बनाए रखने की जिम्मेदारियों से अवगत कराने, जल जीवन मिशन के तहत प्रदत्त पाईप लाईन, सोलर, घरेलू नल कनेक्शन का सदुपयोग, साथ ही ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, जल बहिनी, पंप आपरेटर, प्लंबर, हेल्पर एवं समस्त ग्राम वासियों को अपने दायित्वों का निर्वहन करने आग्रह किया गया।

## इच्छापुर में हुआ आयुर्विधा कार्यक्रम का आयोजन



**बस्तर।** आयुष विभाग संचालक आयुष एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी जगदलपुर के मार्गदर्शन में प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला इच्छापुर में एक दिवसीय आयुर्विधा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे डॉ. हेमंत यादव के द्वारा योग प्राणायाम एवम ध्यान की जानकारी दी गई। डॉ. कविता राठिया के द्वारा बालिकाओं के पर्सनल हाइजिन और खून की कमी और उससे बचाव के उपाय बताए गए। डॉ . टीएस बढ़ई के द्वारा छात्र जीवन दिनचर्या की जानकारी दी गई। डॉ.एसआर पटनायक के द्वारा स्वस्थ वृत्त की जानकारी दी गयी। स्कूल स्टाफ प्राचार्य बनसिंग, मौर्य, लोकनाथ यादव, लेखित्रा कश्यप का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर आयुष स्टाफ गजेंद्र, घनश्याम, अनंत राम का सहयोग किया।इसमें कुल 165 बच्चे उपस्थित थे।

### सुदूर क्षेत्रों का कलेक्टर ने किया दौरा

# नियद नेल्लानार योजनान्तर्गत संचालित विकास कार्यों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर



कलेक्टर संबित मिश्रा ने शासन की महत्वाकांक्षी योजना नियद नेल्लानार अर्न्तगत संचालित विकास कार्यो का जायजा लेने कांवड़गांव, हिरोली, पुसनार एवं गंगालूर पहुंचकर विकास कार्यो का जायजा लिया। इस दौरान हिरोली

■ निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरा करने के दिए निर्देश

कैम्प के समीप निर्माणधीन पुल, कांवड़गांव में निर्माणधीन पीडीएस गोदाम एवं पुसनार में निर्माणधीन आंगनबाड़ी का निरीक्षण कर निर्माण कार्यो में गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

भ्रमण के दौरान कांवड़गांव स्कूल के बच्चों से मिलकर उनकी पढ़ाई एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी शिक्षादूत से ली तथा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के लिए चिकित्सा अधिकारी गंगालूर को आवश्यक निर्देश दिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण करते हुए अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्यकर्मी, डाक्टर, दवाईयों की उपलब्धता, मौसमी बीमारियों, मलेरिया इत्यादि के जांच एवं उपचार सहित अस्पताल परिसर को साफ-सुथरा एवं स्वच्छ रखने के निर्देश दिए।

कन्या रेसीडेंसियल गंगालूर में बच्चों की पढ़ाई, भोजन व्यवस्था सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं का अवलोकन कर मच्छरों से बचाव हेतु खिड़कियों में जाली लगाने, परिसर को साफ-सुथरा रखने, मध्यान्ह भोजन में गुणवत्ता रखने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत रेड्डी के पीडीएस दुकान का निरीक्षण करते हुए हितग्राहियों को दी जाने वाली खाद्यान के बारे में जानकारी ली एवं दुकान में रखे राशनकार्डो को हितग्राहियों को वापस करने के निर्देश दिए।

तहसील कार्यालय गंगालूर में प्राप्त सभी प्रकार के प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश तहसीलदार को दिए। वहीं ग्राम पंचायत गंगालूर के मोदीपारा में स्थित आंगनबाड़ी का अवलोकन कर दर्ज बच्चों एवं हितग्राहियों की जानकारी ली।

इस दौरान उद्यान रोपणी केन्द्र पामलवाया का भी अवलोकन किया पामलवाया में क्रेडा के सोलर लाईट का सुधार करने के निर्देश दिए। पौधोत्पादन बढ़ाने, ग्राफ्टेड बैगन, टमाटर का उत्पादन सहित अधिक से अधिक रोजगार सृजित करने के लिए सहायक संचालक उद्यानिकी को निर्देश दिए।

इस दौरान एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## विज्ञान सेमिनार में हर्षित ने मारी बाजी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक सोच और नवाचारी दृष्टिकोण विकासित करने शिक्षा विभाग द्वारा जिला स्तरीय विज्ञान सेमिनार का आयोजन सजेस बीजापुर में किया गया । इस सेमिनार में जिले के चारो विकासखंड से विजेता प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर शानदार प्रस्तुति दी।

जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान सेमीनार में 12 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कृत्रिम बुद्धिमता- सम्भावना और सरोकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस- पोटेंसियल एन्ड कंसर्न विषय पर कक्षा 8 से 10 के छात्र छात्राओं के बीच सेमिनार में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बीजापुर से के. हर्षित , नागमणी चापा, करिश्मा अवलम , भोपालपट्नम से अक्षित दादी, कुमकुम मरकेला, गणेश वाडला, भैरमगढ़ से निशा यादव, श्रेया पटेल, लता यादव, उसूर से प्रकाश पुजारी, एंजल झाड़ी और प्रतिका माड़वी ने कृत्रिम बुद्धिमता की संभावनाओं और सरोकार पर वैज्ञानिक तथ्यों को भाषा प्रवाह और दृश्यों के साथ प्रस्तुतीकरण दिया।

## बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता को जांचने हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर



बस्तर ब्लॉक में जोन स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य बहुभाषी शिक्षा के माध्यम से बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता को जांचना और शिक्षकों को अध्यापन कार्य में आ रही बाधा को कैसे दूर करना इस बैठक में आपसी चर्चा विमर्श करके सुलझाने का प्रयास के उद्देश्य से रखा गया था। नीव बहुभाषी कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक के सभी प्राथमिक शालाओं में बहुभाषी शिक्षा कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम राज्य द्वारा दिए गए एफ एल एन मिशन के अंतर्गत भाषा एवं गणित विषयों की बुनियादी कौशलों को प्राप्त करने हेतु ब्लॉक में महत्वपूर्ण है। एफ एल एन के अंतर्गत भाषा में भाषाई कौशल और गणित में गणित की संक्रियाएं जिसका लक्ष्य 2026 -27 रखा गया है। उक्त कार्यक्रम की निरंतरता के लिए मासिक जोन स्तरीय अकादमिक बैठक की आवश्यकता है। जहां पर संकुल अकादमिक समन्वयकों के नेतृत्व में संकुल के समस्त शिक्षक एवं लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा संकुल स्तर के प्राथमिक शालाओं में किया जा रहे कक्षा कक्ष की शिक्षण प्रक्रिया एवं चुनौतियां को समझते एवं संवाद करते हुए कक्षा कक्ष में सीखने सिखाने की प्रक्रिया को बेहतर बनाने में मदद कर सकें। इस पूरी प्रक्रिया में संकुल अकादमी समन्वय एवं लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन के ब्लॉक प्रभारी/ ब्लॉक के एफ एल एन नोडल भी अकादमिक सहयोग के लिए उपस्थित थे। इसी परिपेक्ष्य में संकुल खड़का के हाई स्कूल मधोता में 8 संकुल जिसमें चपका, बोडनपाल-1, बड़े चकवा, रोतमा, सोनारपाल, पुजारीपारा कुंडगुडा और खड़का शामिल हुए एफ एल एन प्रभारी भरत साहू, संकुल प्राचार्य श्यामलाल नेताम, संकुल समन्वयक कृष्णा सिंह ठाकुर, योगेश कुमार बघेल और सभी संकुल के शिक्षक शिक्षिकाएं बैठक मे अपनी भागीदारी निभाई।

## नक्सल हिंसा पीड़ित परिवारों को मिला योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा दंतेवाड़ा जिले के कारली में स्थित सामुदायिक भवन पुराना हैनेक्स प्रिंटिंग यूनिट) में आज लोन वर्राटू घर वापसी अर्थात आत्म समर्पित एवं नक्सल हिंसा पीड़ित परिवारों के पुनर्वास के तहत विशेष

■ लोन वर्राटू के तहत कारली में हुआ विशेष सुविधा शिविर का आयोजन

सुविधा शिविर का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ शासन मुख्य सचिव के निर्देशानुसार कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं पुलिस अधीक्षक गौरव राय के मार्गदर्शन पर जिले में निवासरत आत्म समर्पित परिवार एवं नक्सल हिंसा पीड़ित परिवारों को केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित किया जाना है।

इस कड़ी में उक्त सुविधा षिविर के अन्तर्गत समस्त विभाग जिसमें राजस्व, स्वास्थ्य,शिक्षा, आदिवासी विकास, विद्युत, महिला बाल विकास, क्रेडा, उद्योग, श्रम, कृषि, परिवहन, समाज कल्याण, कौशल विकास विभागों द्वारा इन परिवारों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से जैसे अन्य महत्वपूर्ण विभागों के द्वारा योजनाओं के संबंध में शिविर लगाया गया। शिविर में इन विभागों द्वारा अपने विभागीय योजनाओं को लेकर स्टॉल लगाए गये। जिसमें आत्म समर्पित एवं नक्सल हिंसा से पीड़ित परिवारों के लिए अपना आधार कार्ड, बैंक से संबंधित खाते भी खुलवाए जा रहे हैं। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के द्वारा परिवारजनों का स्वास्थ्य जांच भी किया जा रहा है। इसके अलावा उन्होंने मलेरिया डेंगू, सिकल सेल, एनीमिया जांच, एचआईवी, सुगर, टाइफाइड एवं अन्य जांच के साथ-साथ खान, पान, रहन-सहन एवं होने वाले बीमारियों का बचाव के संबंध में बारीकी से बताया गया।

इस दौरान शिविर में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने विभाग प्रमुखों से शिविर में आए आत्म समर्पित परिवार एवं नक्सल हिंसा पीड़ित परिवारों के लगभग 157 परिवारों को केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के साथ-साथ योजनाओं के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताने की बात कही।

## विनोबा भावे ऐप ओपन लिंक्स फाउंडेशन के तहत शिक्षकों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



कलेक्टर के मार्गदर्शन में शैक्षणिक उन्नयन के लिए आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम को संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत विनोबा ऐप यह ओपन लिंक्स फाउंडेशन की एक अभिनव पहल है, विनोबा ऐप शिक्षक समुदाय के लिए एक ऐसा मंच है जहां शिक्षकों के कार्यों की पहचान और सराहना होती है, यहाँ शिक्षक एक दुसरे के साथ कनेक्ट होते है, साथ ही विद्यालयीन गतिविधियों को एक दूसरे के साथ साझा करते है, और शिक्षकों को प्रेरणा मिलती है। इस में मुख्य रूप से शिक्षा में नवाचार, शिक्षकों के कार्य सरल करने के लिए, शैक्षणिक गतिविधियां सभी से साझा करने के लिए शेयर एंड लर्न, तथा शिक्षकों के नवनवीन उपक्रम, टीएलएम और शिक्षकों को शैक्षणिक सहायता तथा मार्गदर्शन मिलने के लिए विनोबा ऐप सहायक सिद्ध हुआ है। इसके अन्तर्गत हर महीने शिक्षकों के द्वारा पोस्ट किए गए उनके कार्य गतिविधियों को इस कार्यक्रम के माध्यम से पहचान कर शिक्षकों को उनके अच्छे कार्य के लिए पोस्ट ऑफ द मंथ अवार्ड जिला स्तर पर पांच शिक्षकों को दिया जाता है। इस में जिला एवं विकास खंड स्तर पर पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाता है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय विजेता शिक्षकों को उनकी रचनात्मक गतिविधियों के लिए जनप्रतिनिधि पार्षद विमला रावत सुमन ठाकुर, मनोज मालवीय और जिला शिक्षा अधिकारी एस के अंबस्ता तथा जिला मिशन समन्वयक हरीश गौतम के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एडीपीओ नेहा नाथ एवं आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम के कार्यक्रम व्यवस्थापक भरत सिन्हा उपस्थित थे, इस तारतम्य में सभी सम्मानित जनों को जिला सहयोग अधिकारी सागर गजभिये द्वारा विनोबा कथावली भेंट दी गयी। इस सम्मान समारोह में जिला स्तरीय पोस्ट ऑफ द मन्थ माह जून, जुलाई एवं अगस्त के 15 विजेता शिक्षक, बोलेगा बचपन गतिविधि माह अगस्त के जिला स्तरीय 3 विजेता शिक्षक, दैनिक उपस्थिति में। ग्रेड विद्यालय माह अगस्त के जिला स्तरीय 3 विजेता विद्यालय, लीडर बोर्ड पर टॉप 3 संकुल के जिला स्तरीय 3 विजेता संकुल समन्वयक तथा दंतेवाड़ा विकासखण्ड स्तरीय पोस्ट ऑफ द मन्थ माह जुलाई एवं अगस्त के 3 विजेता शिक्षा इत्यादि को सम्मानित किया गया।

## मनरेगा के प्रोजेक्ट उन्नति अंतर्गत 37 मनरेगा श्रमिकों ने लिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

प्रोजेक्ट उन्नति के लिए महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत वित्तीय वर्ष में 100 दिन पूर्ण किए 18 से 35 वर्षीय श्रमिकों को मछली पालन विषय पर 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी बीजापुर में प्रशिक्षण दिया गया है। कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में 18 सितंबर से आयोजित इस प्रशिक्षण में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं अन्य विभागीय गरीबी उन्मूलन योजनाओं और कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी साझा की गई। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत रमेश नंदनवार ने बताया कि प्रोजेक्ट उन्नति परियोजना का मुख्य उद्देश्य बढ़ती हुई अर्थ व्यवस्था में अकुशल श्रमिकों को प्रशिक्षण देकर कौशल उन्नयन करना है ताकि आय का स्थायी साधन प्राप्त हो सकें। इस प्रशिक्षण में कुल 37 जाबकार्डधारी परिवार के श्रमिक आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त किएए जिन्हें धमतरी से आए मास्टर ट्रेनर अविलाश निषाद द्वारा मछली पालन की बारीकियों से अवगत कराया गया।

## शालाओं का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर



खण्ड शिक्षा अधिकारी लोकनाथ नाग विकास खण्ड बस्तर के निर्देशानुसार संकुल रतेंगा, सुधापाल और घोटिया के शालाओं में संकुल समन्वयकों के द्वारा औचक निरीक्षण गत दिवस किया गया।

शालाओं में देर से आने वाले शिक्षक और अनुपस्थित शिक्षकों की जानकारी खंड शिक्षा अधिकारी को दी गई। समन्वयकों द्वारा शालाओं में कई बिंदुओं शालाओं की साफ-सफाई, शौचालय की साफ-सफाई, मध्यान भोजन की गुणवत्ता, शिक्षा का स्तर, स्कूलों में प्रिंट रीच वातावरण, बहु भाषा शिक्षण के अंतर्गत अध्यापन कार्य, पोषण वाटिका का निर्माण आदि बिंदुओं पर निरीक्षण किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा देर से आने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं और अनुपस्थित शिक्षक- शिक्षिकाओं को कारण बताओ नोटिस जारी करने और संतोषप्रद जवाब न मिलने पर वेतन रोकने की बात कही। शालाओं का औचक निरीक्षण लगातार सभी संकुलों में जारी रहेगा।

## भारतीय किसान संघ की तहसील इकाई का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



शीतला माता मंदिर प्रांगण गीदम में भारतीय किसान संघ की बैठक आहूत की गई। जिसमें भारतीय किसान संघ के तहसील स्तर पर नई कार्यकारिणी गठन किया गया। जिसमें जिले से नियुक्त चुनाव अधिकारी बलीराम लेकाम एवं सहयोगी विजय तिवारी, अभिमन्यु सोनी, मधुसुदन ठाकुर, मुगड़ कड़ती, मनकू लेकाम, नंदलाल राठोर, कुम्मा वेक, कमलोचन सेठिया, लोकनाथ चंद्राकर, शैलेश अटामी,के दिशा-निर्देशन में गठन प्रकिया सम्पन्न हुई। जिसमे अध्यक्ष जयदेव मरकाम, उपाध्यक्ष रतनू ठाकुर, मंत्री सुशील नेताम, सह मंत्री सुरेश लेकाम, युवा प्रमुख रूपा मुरामी, महिला प्रमुख चमंपा अटामी, प्रचार प्रमुख अभिनव तिवारी, बीज प्रमुख चंदन लेकाम, जैविक प्रमुख बलराम कुंजाम, जल प्रमुख लखमू कश्यप, सहकारिता प्रमुख सोनकू राम सोढ़ी,बिजली प्रमुख कृष्णा यादव, विपड़न प्रमुख भीमसेन वेक, विधी प्रमुख महेश कड़ियाम, कार्यकारिणी सदस्य रामाराम कश्यप, बुधरू मंडावी, कमलेश वेक, महादेव ठाकुर, धनीराम यादव, बोसा जुर्री, को बनाया गया। गौरतलब है कि प्रांत के दिशा निर्देशानुसार आगामी दिनों में जिला कार्यकारिणी का भी गठन किया जाना है उसी क्रम में सभी तहसील स्तर तक संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से सभी तहसीलों का गठन किया जा रहा है।

## जावंगा के दिव्यांग बच्चे कौशल विकास, घुड़सवारी व टैलेंट शो में दिखाएंगे अपना जलवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा/गीदम



नक्सलगढ़ के नाम से जाने जाना वाला दंतेवाड़ा जिला अब जिला प्रशासन के प्रयास से शिक्षा, स्वरोजगार, कौशल विकास, खेल, प्रतिभा के पथ पर अग्रसर है। जिले की छवि को विकास का नया आयाम देने में प्रशासन का अहम भूमिका निभा रहा है।

इसी कड़ी में जिला कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, सीईओ जिला पंचायत कुमार विश्वरंजन, एसडीएम दंतेवाड़ा व सह नोडल अधिकारी सक्षम जयंत नाहटा के मार्गदर्शन में अटल बिहारी वाजपेयी एजुकेशन सिटी जावंगा में संचालित सक्षम दिव्यांग बच्चों के बाधारहित आवासीय विधालय के 30 बालक एवं 17 बालिका सहित कुल 47 छात्र छात्राओं द्वारा महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गनाइजेशन द्वारा आयोजित राजस्थान के बीकानेर में 23वां स्किल डेवलपमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया जायेगा। इन बच्चों के साथ 12 शिक्षक शिक्षिका ट्रेनर भी सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर चयनित छात्र छात्राओं को कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा शुभकामनाएं देते हुए इनके वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसके अलावा सक्षम संस्था के ही 7 छात्र आगामी 05 व 06 अक्टूबर को राजधानी रायपुर में सेना कार्यक्रम में घुड़सवारी खेल का प्रदर्शन करेंगे। इस संस्था की अन्य उपलब्धि के तहत जम्मू कश्मीर राज्य में आयोजित दिव्यांग बच्चों के लिए राष्ट्रीय टैलेंट शो हम भी किसी से कम नहीं में भी सक्षम के दृष्टिबाधित छात्र मास्टर अंजन का गायन में व सीमा, सिमरन, महिमा एवं पूनम का चयन नृत्य विधा के अन्तर्गत हुआ है। इन बच्चो की रवानगी के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने बच्चों के मनोबल और हौसले को प्रोत्साहन दिया।


AGRASEN B.ED COLLEGE
VILL-DHANORA DIST-DURG (C.G)
APPOINTMENT

| Sl.No. | Designation | Post | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1 | Principal | 01 | 1. Postgraduate degree in Arts/ Science/ Social Science/Humainities/ Commerce With minimum 55% and<br>2. M.Ed. With minimum 55% Marks. and<br>3. Ph.D in Education or in any Pedagogic Subjects offered in the institute and<br>4. Eight year of teaching experience in a secondary Teacher Education institution. |
| 2 | Assistant Professor Perspectives in Education or foundation Course | 04 | 1. Post Graduate degree in Social Science with minimum 55% marks and<br>2. M.Ed. degree from a recognized university with minimum 55% marks OR<br>1. Postgraduate (MA) degree in Education with minimum 55% and<br>2. B.Ed B.ELEd. degree with minimum 55% marks<br>UGC NET pass or PH.D. degree in education. |
| 3 | Assistant Professor Curriculum and Pedagogic Courses | 08 | 1. Postgraduate degree in Sciences/ Mathematics/ Social Sciences/ Languages with minimum 55% marks and<br>2. M.Ed. degree with minimum 55% marks<br>UGC NET pass or PH.D. degree in education. |
| 4 | Librarian | 01 | M.Lib degree with 55% |

* Qualification are as per UGC Regulation 2018 & NCTE Regulation 2014 & its amendment time to time.
* Candidates should send their resume with 2 passport size photograph with self attested copy of marksheet with in 07 days from the date of publication at agrasencollege@ymail.com


## भारतीय रेडक्रास प्रबंध समिति के गठन की प्रक्रिया शुरू

**बीजापुर।** भारतीय रेडक्रास शाखा बीजापुर के प्रबंध समिति के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस संबंध में सीईओ सह जनरल सेक्रेटरी, भारतीय रेडक्रास सोसायटी, राज्य शाखा रायपुर छ.ग. के अर्द्धशासकीय पत्र के अनुसार जिले के गणमान्य नागरिकों को सूचित किया जाता है कि प्रबंधन समिति के गठन की प्रक्रिया हेतु भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा बीजापुर के आजीवन सदस्यों की सूची का प्रकाशन कार्यालय कलेक्टर जिला बीजापुर के सूचना पटल पर 28 सितम्बर 2024 को प्रकाशन किया जाएगा।


Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### जन्मदिन पर बच्चों को कापी-कलम बांटी

**भानुप्रतापपुर।** शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ता राहुल सिंह धुन्ने ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर भानुप्रतापपुर स्थित प्राथमिक शाला सलिहापारा स्कूल में बच्चों के बीच केक काटकर जन्मदिन मनाया। इस मौके पर बच्चों के बीच कॉपी,कलम,पेंसिल,रबर, कटर आदि शिक्षण सामग्री का वितरण किया। जिससे बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। उन्होंने कहा कि बच्चों के बीच अपना जन्मदिन मनाने का जो सौभाग्य मिला है ये मेरे जीवन काल में बेहद खुशी का क्षण है। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य बच्चे ही हैं। बच्चे मन के सच्चे होते हैं इनमें किसी तरह का कोई भेदभाव नहीं रहता है।

### नपं दुकानों के आवंटन में गरीबों की उपेक्षा

**भानुप्रतापपुर।** नगर के जुगल किशोर शर्मा एवं अन्य लोगों ने सीएमओ को लिखित शिकायत किया है कि पंचायत क्षेत्रान्तर्गत में नगर पंचायत द्वारा जितनी भी दुकानों का निर्माण करवाया गया है तथा आवंटन किया गया है उन दुकानों को जरूरतमंद लोगों को न देकर सम्पन्न व्यक्तियों को भारी भरकम किराया एवं अग्रिम लेकर दिया गया है। उन्होंने बताया है कि स्थानीय बेरोजगारों के हक के साथ कुठाराघात किया गया है। इनमें से अनेक दुकानों को स्वयं के व्यवसाय हेतु उपयोग न कर अन्य व्यक्तियों किराये पर दे कर लाभ कमाया जा रहा है, कुछ दुकानें बंद हैं तथा कुछ दुकानों का विक्रय हस्तांतरण किया जा चुका है। इसकी निष्पक्ष जांच कर बेरोजगारों को उचित रोजगार उपलब्ध करवाने आवंटन दुकानों को निरस्त कर जरूरतमंदों को दिया जावे।

## निधन

### बजनी बाई आंचला



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम हिगनपुरी निवासी बजनी बाई आंचला (70) का 28 सितंबर को निधन हो गया। उनका स्वास्थ्य कुछ दिनो से खराब था। अंतिम संस्कार गृह ग्राम हिगनपुरी में किया गया, जिसमें ग्रामवासी, रिश्तेदार व बड़ी संख्या में जनसमूह उपस्थित रहें।

### दुर्ग सिंह कोमरे

**भानुप्रतापपुर।** खंड शिक्षा अधिकारी श्री सदे सिंह कोमरे के पिताजी दुर्ग सिंह कोमरे (95) का शनिवार सुबह निधन हो गया। भानबेड़ा आमापारा स्थित श्मशानघाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन से पूरे परिवार एवं समाज में शोक की लहर है।

# पीजी कॉलेज में खादी और ग्रामोद्योग से रूबरू कराने आयोजित किया सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भानुप्रतापदेव शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में छात्रों को खादी और ग्रामोद्योग से रूबरू कराने के लिए सेमीनार आयोजित किया गया। सेमीनार के उपरांत छात्र-छात्राओं के लिए खादी एवं ग्रामोद्योग विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग रायपुर तथा जीयूएसएस के द्वारा आयोजित सेमीनार का शुभारंभ उद्यमिता के पुरोधा राष्ट्रपिता बापू की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण के साथ हुआ। जीयूएसएस के अध्यक्ष आरके ठाकुर ने उद्यमिता-आर्कषण और चुनौतियां के बारे मे बताया और एक दिवस सेमीनार के महत्व व उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। सीनियर प्रोफेसर डॉ. वीके रामटेक ने कहा कि वर्तमान में बेरोजगारी इतनी ज्यादा हो गया है कि हर व्यक्ति को नौकरी मिल पाना संभव नही है। अतः व्यक्ति को चाहिए कि वह अपने हुनर को पहचाने कि वह कौन सा कार्य कुशलतापूर्वक कर सकता है।

प्रबंधक सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया राजेश शर्मा छात्र-छात्राओं से कहा कि शासन ने स्वरोजगार के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं संचालित की है, जिसका लाभ कुछ लोग प्राप्त कर लेते है और जिनको जानकारी नही मिल पाती वे इधर उधर भटकते रहते है। ऐसे लोगो के लिए ही इस तरह के जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाता है।

## पीजी कालेज के सेमिनार में खादी और ग्राम उद्योग पर हुई स्पर्धा

### अवसर सब को मिलता है

बैंक ऑफ महाराष्ट्र से आदित्य सिंह ने बैंक की कार्यप्रणाली के बारे मे विस्तृत जानकारी दिया और कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में हुनर एक समान नहीं होता, लेकिन अवसर सभी को समान रूप से मिलता है। सहायक प्राध्यापक विजय बेसरा ने छात्र-छात्राओं को रोजगार एवं स्वरोजगार मे अंतर बताते हुए लोगो को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया। सुमिता पाण्डेय ने सभी छात्र-छात्राओं को शिविर मे भाग लेने के लिए बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं दिया।




### प्रतियोगिता के नतीजे

आयोजित सेमीनार के बाद वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम विरेन्द्र रवि बीएससी फाईनल ईयर, द्वितीय गीतांजली गुप्ता बीएससी फाईनल ईयर, तृतीय प्रांशी ठाकुर बीए सेकेंड ईयर एवं निबंध प्रतियोगिता में प्रथम रूबी बीए सेकेंड ईयर, द्वितीय मान्ती बीएससी फाईनल ईयर, तृतीय सुनिता सिंह बीए फाईनल ईयर ने प्राप्त किया, जिन्हे ग्रामोद्योग प्रोडक्ट पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन व आभार प्रदर्शन योगेश गिरी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डां. अर्चना सिंह आईक्यूएसी प्रभारी, आशीष नेताम कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस आदि उपस्थित रहे।

**स्पर्धा :** रामधुनी स्पर्धा के 69वें आयोजन में श्रोताओं का लगा तांता, शेड पड़ा छोटा

# साल्हे रामधुनी प्रतियोगिता की 12 मंडलियों में लजिया ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

- एक और नए शेड के लिए सांसद ने पांच लाख देने की फिर घोषणा की

ग्राम साल्हे में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के अलावा अन्य राज्यों के भी रामधुनी पार्टी ने भाग लिया। कार्यक्रम का 69 वर्ष से लगातार जारी है जिसमे हर साल पूरे क्षेत्रवासी भगवान राम के भक्ति में कथा सुनने आते हैं जो किसी मेला से कम नहीं रहता। भीड़ को देखते हुए आसपास के होटल दुकान वाले भी आकर अपना दुकानदारी लगाए हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले गांव के देवी देवताओं का विवाह किया जाता था जिसमें सीरिया गुनिया पर हल्दी पानी एवं कीचड़ से नहलाया जाता था ताकि क्षेत्र में हमेशा अच्छी तरह से खुशहाली का वातावरण बना रहे एवं गांव पर हमेशा इंद्रदेव कि कृपा बनी रहे। उस जमाने में भीमा विवाह कहते थे उसी तारतम्य में वक्त के साथ बदलाव करते 50साल पहले जब आकाल पड़ा था तब यहां के सियानो ने इन्द्र देव कीपूजा अर्चना करने के उद्देश्य से 24घंटे रामायण पढ़ने का विचार बनाएं और आज के इस आधुनिक युग के साथ परिवर्तन करते हुए रामसता प्रतियोगिता का रूप ले लिया।जिसे सुनने एवं देखने भारी संख्या में श्रद्धालु गण पहुंचते हैं।





### 24 घंटे तक नशापान पर निषेध

*इस आयोजन को सफल बनाने हेतु ग्राम वासियों द्वारा पूरे 24 घंटे के लिए गांव में किसी प्रकार के अपवाद उत्पन्न ना हो इसके लिए गांव में पुरे रुप से नशा पान प्रतिबंध लगा दिया गया है। वर्ष 2022 में पूर्व सांसद मोहन मंडावी भी रामधुनी प्रतियोगिता में विशेष अतिथि के रूप में आए थे उनके आगमन पर काफी जोरों के साथ वर्ष हुआ इस भारी वर्षा में भी दर्शक दीर्घा द्वारा मंच को छोड़कर डटे रहे जिसे देखते हुए सांसद के द्वारा सांसद मंथ से 5 लाख का शेड प्रदान किया गया।*

### 12 मंडलियां रही प्रतिभागी

इस वर्ष इस प्रतियोगिता में 12 रामधुनी मंडली ने भाग लिया जिसमें प्रथम छत्तीसगढ़ी लोक रामधुनी मंडली ग्राम ठेठवार टोला लजिया 82 अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया दूसरा जय मां दुर्गा रामधनी मंडली ग्राम खोरदो।गुरुर तीसरा जय मां सरस्वती रामधनी मंडली ग्राम कसही लोहारा चौथ जय अंबे रामधुनी मंडली ग्राम कंचना धनेसरा पांचवा जय मां शीतल रामधनी मंडली ग्राम आमलीपार धमतरी छठवा जय बजरंग रामधुनी मंडली ग्राम मालापारा भानु प्रतापपुर सातवां इनाम मनमोहना रामधनी मंडली ग्राम सोहतरा ने प्राप्त किया सभी प्रतिभागियों को आयोजक समिति द्वारा क्रमशः इनाम का वितरण किया गया इस अवसर पर निर्णायक की भूमिका में गणेश यादव संबलपुर एवं उनके साथी सहयोग प्रदान किया।

# कर्मचारी फेडरेशन ने प्रदर्शन कर रैली निकाली ज्ञापन सौंपा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर राज्यव्यापी हड़ताल का असर भानुप्रतापपुर में दिखा। अधिकारी कर्मचारियों ने एक दिन का अवकाश लेकर कलम बंद हड़ताल के तहत धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने रैली निकालकर प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा है। राज्य सरकार के अधीन काम करने वाले अधिकारी कर्मचारी आज एक दिवसीय सामूहिक हड़ताल पर रहे। हड़ताल का आह्वान छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन ने किया था।

कर्मचारियों का आरोप है कि भाजपा ने सत्ता में आने से पहले सरकारी कर्मचारियों से उनकी मांगें पूरी करने का वादा किया था।अगर सरकार मांगों पर ध्यान नहीं देती तो फेडरेशन अनिश्चितकालीन हड़ताल का आह्वान करेगा। कर्मचारी अधिकारी प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी जाहिर कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा है।

### डीए एरियर समेत चार सूत्रीय मांगें

फेडरेशन ने विधानसभा चुनाव के समय भाजपा के घोषणा पत्र के मुताबिक प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र के समान 1 जनवरी 2024 से महंगाई भत्ता में 4 प्रतिशत वृद्धि कर 50 प्रतिशत डीए स्वीकृत करने, प्रदेश के कर्मचारियों को जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्तों के एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में जमा किए जाने की मांग है।फेडरेशन ने मोदी की गारंटी का क्रियान्वयन नहीं होने के स्थिति में चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान किया है।

# उल्लास साक्षरता केंद्र उद्घाटित वंचित लोगों को मिलेगी शिक्षा



**कांकेर।** राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण छत्तीसगढ़ के दिशा निर्देशानुसार उल्लास नवभारत साक्षरता के पाँच उद्देश्यों बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, व्यावसायिक कौशल, बुनियादी शिक्षा और सतत शिक्षा का विकास को लेकर 27 सितंबर को ग्राम नंदनमारा के शाप्राशा नंदनमारा में मुख्य आतिथ्य सरपंच ग्राम पंचायत अर्जुनी पुष्पा मंडावी ने उल्लास साक्षरता केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आतिथ्य सरपंच ग्राम पंचायत अर्जुनी पुष्पा मंडावी ने शिक्षा से वंचित लोगों को प्रतिदिन उल्लास कक्षा में आने के लिए अपील किया और हर संभव मदद करने की बात कही गई। खंड शिक्षा अधिकारी दीपक ठाकुर ने शिक्षा के जीवन में महत्व पर प्रकाश डालते हुए उनके गुण दोष के बारे में विस्तार पूर्वक बतलाए। उल्लास साक्षरता केंद्र को शिक्षा से वंचित लोगों के आधार पर संकुल समन्वयक नन्द कुमार अटभैया के निर्देशन में नीलिमा गौतम प्रधान पाठक उल्लास साक्षरता ग्राम प्रभारी उनके स्टॉफ एवं स्वयंसेवी शिक्षक वर्षा यादव के द्वारा सजावट की गई है। कक्षा के अंदर आकर्षक एफएलएन सामग्री रखी गई है एवं एक सेल्फी जोन भी बनाया गया है जो उन्हें आकर्षित करेंगा। शुभारंभ अवसर पर दिनेश नाग एपीसी, पंकज श्रीवास्तव एपीसी, डीके भास्कर बीआरसी, राजेश सिंह देव संकुल प्राचार्य, हेमचंद सिन्हा डीएलसी, जनक सिन्हा, लक्ष्मीनाथ साहू, लक्ष्मीकांत साहू, अशोक कुमार नेताम, रोमन जैन, कमलेश्वर साहू, दुर्गा नेताम, प्रीति सिन्हा, गीता यादव, अदिति रायस्त, लीलावती नाग, दीक्षानंद, लच्छू राम यादव, वर्षा यादव, पालक, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य एवं गांव के गणमान्य नागरिक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज


# कोरर पुलिस ने बिसरा को पितृपक्ष में किया नष्ट



**कांकेर।** पितर पक्ष में मृत आत्मा की मोक्ष प्राप्ति के लिए कोरर थानांतर्गत जप्त सामग्रियों का नष्टीकरण किया गया। नष्टीकरण के पहले संबंधित अधिकारियों से परमीशन लिया गया और दंडाधिकारी की उपस्थिति में नष्टीकरण किया गया। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला के आदेशानुसार एवं एएसपी मनीषा ठाकुर रावटे, एसडीओपी मोहसिन खान के दिशा निर्देशानुसार थाना में रखे अपराध, मर्ग एवं अन्य प्रकरणों में रखे बिसरा का नष्टीकरण करने आदेश मिलने पर मामलों में जांच के दौरान मृत्यु का सही कारण जानने के लिए विसरा जप्त की जाती है, जिसे मामला न्यायालय में विचाराधीन रहते तक थाना में सुरक्षार्थ रखा जाता है। थाना प्रभारी कोरर निरीक्षक जितेन्द्र गुप्ता की उपस्थिति में 28 सितंबर को थाना कोरर में रखे मर्ग प्रकरण में जप्त 115 नग बिसरा को विधि विधान से पंडित से पूजा अर्चना बाद पितृ पक्ष में मोक्ष प्राप्ति के लिए गड्ढा खोदकर नष्टीकरण कराया गया।




# आलमारी से नकद 60 हजार रुपए की चोरी



**कांकेर।** शहर में चोरी की घटना थमने का नाम ही नही ले रही है। लगातार छोटी बड़ी चोरी की घटनाएं सामने आ रही है। शहर के शिवनगर में अज्ञात चोर ने आलमारी से नगद 60 हजार रूपएं की चोरी की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित ने कांकेर थाना में शिकायत दर्ज कराया है। पीड़ित की बात सुनकर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया। थाना में शिकायत करने पहुंचे शिवनगर कांकेर निवासी 37 वर्षीय महेश यादव पिता स्व. सालिक राम यादव ने पुलिस को बताया कि दूध डेयरी में दूध निकालने का काम करता हूं, जिससे मुझे प्रति माह करीबन 15 से 20 हजार रूपएं आमदनी होती है। घर खर्च करने के बाद प्रतिमाह 5 से 10 हजार रूपएं बचत करके पैसा को घर के आलमारी के लाकर में रख देता था। पिछले कुछ महिने से करीबन 60 हजार रूपएं जमा करके रखा था। अंतिम बार घर के आलमारी में रखे पैसे को करीबन 25 दिन पूर्व देखा गया था। उसके बाद से आलमारी बंद था। 27 सितंबर कि शाम 4 बजे आलमारी में रखे पैसा को देखे तो आलमारी में रखा पैसा करीबन 60 हजार रूपएं नहीं था। कोई अज्ञात व्यक्ति आलमारी में रखे नगदी रकम को चोरी कर ले गया। चोरी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

